सोमवार
13 मार्च, 2023
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज




हर माह की 14 तारीख को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर होगी टीबी स्क्रीनिंग 2



# कर्नाटक में बोले पीएम मोदी... कांग्रेस मेरी कब्र खोदने का सपना देख रही है

- पीएम मोदी ने कर्नाटक के मैसूर में 16,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया
- उद्घाटन से पूर्व मोदी ने मांड्या में 2 किलोमीटर तक रोड शो किया
- बेंगलुरु-मैसूर एक्सप्रेस वे के उद्घाटन के बाद कांग्रेस पर साधा निशाना



**एजेंसी/बेंगलुरु**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कर्नाटक के मैसूर में 16,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने मांड्या में करीब 2 किलोमीटर तक तक रोड शो किया। रोड शो के दौरान हजारों की संख्या में लोग नजर आए। लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर फूलों की बारिश की। प्रधानमंत्री मोदी ने भी गाड़ी से बाहर आकर लोगों का अभिवादन किया। मांड्या में प्रधानमंत्री की उपस्थिति राजनीतिक दृष्टिकोण से भी अहम है, क्योंकि राज्य में मई में विधानसभा चुनाव होने हैं। मांड्या जिला, पुराने मैसूरु क्षेत्र का एक प्रमुख हिस्सा है और यह पारंपरिक रूप से जनता दल सेकुलर (एस) का गढ़ रहा है। जिले में सात विधानसभा क्षेत्र हैं और एक को छोड़कर सभी पर जद (एस) का कब्जा है। बीजेपी 2019 में हुए उपचुनावों के दौरान एक सीट (केआर पेट) जीतकर मांड्या जिले में पैठ बना सकी थी।

पीएम मोदी ने इस मौके पर बेंगलुरु-मैसूर एक्सप्रेस वे का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद उन्होंने कहा कि बेंगलुरु और मैसूर कर्नाटक के महत्वपूर्ण शहर हैं। एक टेक्नोलॉजी के लिए जाना जाता है तो दूसरा ट्रेडिशन के लिए। दोनों शहरों को तकनीक के माध्यम से जोड़ना काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से दोनों शहरों के बीच यात्रा करने वाले लोग भारी ट्राफिक की शिकायत करते थे, लेकिन अब इस एक्सप्रेस वे से यह दूरी केवल एक घंटे में पूरी की जाएगी। 119 किलोमीटर लंबी इस परियोजना को लगभग 8,480 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया गया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने उद्घाटन के बाद एक रैली को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज कर्नाटक की जनता मुझे आशीर्वाद दे रही है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार कर्नाटक में लगातार विकास कर रही है। आज पूरे देश भर में बेंगलुरु-मैसूर एक्सप्रेस वे की चर्चा हो रही है, सोशल मीडिया पर इसकी तस्वीरें वायरल हो गई हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा, कर्नाटक की जनता का प्यार डबल इंजन की सरकार ब्याज सहित चुकाएगी। उन्होंने कहा कि आज इस एक्सप्रेस वे के उद्घाटन से देश के युवा गर्व से भरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि देश में ऐसे और एक्सप्रेस वे बनाए जाएंगे। पीएम ने कहा कि अब बेंगलुरु से मैसूर तक समय आधे से भी कम हो गया है।

**कांग्रेस ने गरीब आदमी को तबाह कर दिया:** प्रधानमंत्री ने आगे कहा, 2014 से पहले केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, तब के समय में उन्होंने गरीब आदमी को तबाह करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। जो पैसा गरीब के विकास के लिए था उसके हजारों करोड़ रुपए कांग्रेस की सरकार ने लूट लिया था। कांग्रेस को कभी गरीब के दुख दर्द से कोई फर्क नहीं पड़ा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मोदी की कब्र खोदने का सपना देख रही है। कांग्रेस मोदी की कब्र खोदने में व्यस्त है जबकि मोदी बेंगलुरु-मैसूर एक्सप्रेस वे बनाने और गरीबों के जीवन को आसान बनाने में व्यस्त है।

# सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोग सहित पांच की मौत

- दिल्ली से सड़क मार्ग से सासाराम लौटते समय यूपी के अकबरपुर में हुआ हादसा
- तेज रफ्तार कार के डंपर में टकराने से हुई घटना, तीन घायलों की हालत नाजुक

**एजेंसी/नई दिल्ली**

दिल्ली से सड़क मार्ग से सासाराम लौट रहे एक ही परिवार के चार लोग सहित पांच लोगों की मौत रविवार को सड़क हादसे में हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार सासाराम नगर थाना क्षेत्र के मोची टोला के रहने वाले सलीम उर्फ बब्लू के परिवार के लोग 5 वर्षीय मृत पुत्र को एम्बुलेंस से लेकर सासाराम लौट रहे थे, इस क्रम में उत्तर प्रदेश के अकबरपुर में भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमे निजी कार में सवार 5 लोगों की मौत घटना स्थल पर ही हो गई, जिसमे 4 एक ही परिवार के हैं। जबकि एक ड्राइवर की भी मौत की सूचना है।

जानकारी के अनुसार मोहम्मद सलीम के पांच वर्षीय बेटे एहसान के कैंसर का इलाज दिल्ली एम्स में चल रहा था, जिसकी मौत इलाज के दौरान शनिवार को हो गई थी। उसी बच्चे के शव को लेकर परिवार सासाराम लौट रहा था। इसी क्रम में रविवार लगभग साढ़े दस बजे उनका वाहन एक डंपर से टकरा गया, जिससे परिवार के चार लोगों की मौत मौके पर ही हो गई। जानकारी के अनुसार उक्त गाड़ी में कुल सात लोग सवार थे बाकी की हालत नाजुक बताई जाती है।

## खबरें फटाफट

### पटना-धनबाद इंटरसिटी अब रविवार को भी

**धनबाद।** रेल से पटना और धनबाद का सफर अब और ज्यादा आसान हो गया है. रेल यात्रियों की सुविधा के लिए पटना-धनबाद इंटरसिटी एक्सप्रेस अब रविवार को भी चलने लगी है। रविवार को सांसद पशुपति नाथ सिंह द्वारा धनबाद में 13331/13332 धनबाद-पटना-धनबाद इंटरसिटी एक्सप्रेस के फेरों में वृद्धि का शुभारंभ किया गया। पहले यह ट्रेन सप्ताह में 6 दिन चलती थी जो अब प्रतिदिन चलेगी। पूर्व मध्य रेलवे की ओर से कहा गया है कि यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ट्रेन के फेरे में वृद्धि की गई है।

### मंत्री तेज प्रताप के घर से लाखों की चोरी

**पटना।** राजद सुप्रीमो लालू यादव के बड़े बेटे और नीतीश सरकार में मंत्री तेज प्रताप यादव के घर से लाखों रुपए का सामान चोरी की घटना हुई है। इसकी शिकायत तेज प्रताप यादव की ओर से पटना के कोतवाली थाने में कराई गई है। यह सब तब हुआ जब तेज प्रताप होली के दिन कान्हा के वेशभूषा में सज संवरकर रंग-गुलाल से होली खेल रहे थे और उसी दौरान उनके घर में चोरों ने सेंधमारी कर दी। चोरी की यह घटना 9 मार्च की रात की है।

## तेज बुखार, सर्दी, खांसी और शरीर में दर्द को हल्के में न लें

# पटना में इंफ्लुएंजा वायरस की दस्तक, बरतें सावधानी

- बिहार समेत सभी राज्यों के लिए जारी किया गया अलर्ट
- लोगों से भीड़-भाड़ से दूर रहने और मास्क पहनने की अपील
- बिहार के सभी अस्पतालों को भी अलर्ट रहने का निर्देश
- एंटीबायोटिक के बजाय मौसमी फलों के सेवन की सलाह

**केटी न्यूज/पटना**

देश में H3N2 इन्फ्लुएंजा वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। इसी कड़ी में अब राजधानी पटना में भी इस इन्फ्लुएंजा वायरस के संक्रमण का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि राजेंद्र मेमोरियल रिसर्च इंस्टीच्यूट में महिला के सैंपल की जांच की गयी है। इसमें महिला H3N2 इन्फ्लुएंजा वायरस पॉजिटिव मिली है। इन्फ्लुएंजा वायरस के तेजी से बढ़ते मामले को देखते हुए राज्य में इस महीने संदिग्ध मरीजों के 21 सैंपल की जांच की गयी है। इसमें से पहला मामला रविवार को सामने आया है। बताया जा रहा है कि महिला को तेज बुखार, सर्दी, खांसी और शरीर में दर्द की शिकायत थी। इसके साथ ही, उसे उल्टी भी हो रही थी। मामले में की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों ने उसका सेरोलॉजिक जांच करवाया। गौरतलब है कि बिहार में ज्यादातर अस्पतालों के ओपीडी में 30 से 40 प्रतिशत मामले सर्दी, खांसी, बुखार आदि के लक्षण वाले मरीजों के आ रहे हैं। ऐसे में डॉक्टर विशेष सतर्कता बरत रहे हैं। बता दें कि इस वायरस के कारण अभी तक देश में दो मौतें हो चुकी है।

बिहार में H3N2 इन्फ्लुएंजा वायरस से संक्रमित महिला के मिलने के बाद सिविल सर्जन ने सभी अस्पतालों के लिए अलर्ट जारी कर दिया है। इससे पहले केंद्र सरकार के द्वारा शनिवार को बिहार समेत सभी राज्यों के लिए अलर्ट जारी किया गया था। इसमें लोगों को भीड़-भाड़ वाले इलाके से दूर रहने और मास्क पहनने की अपील की गयी थी. इसके साथ ही, बिहार के सभी अस्पतालों को भी अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया था. सर्दी व जुकाम में रोगियों को एंटीबायोटिक दवाओं के बजाय मौसमी फलों के सेवन की सलाह दी गयी है। साथ ही, कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों को विशेष सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है।






### 21 मरीजों के नमूने की जांच में एक रिपोर्ट पॉजिटिव

बताया गया है कि पीड़ित महिला को सर्दी, खांसी के साथ बुखार है। वह इलाज के लिए पटना के राजेंद्र मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट अगम कुआं गई थी। इस दौरान हुई जांच में वह एच3एन2 इन्फ्लुएंजा से संक्रमित पाई गई। आरएमआरआई के एक डॉक्टर ने बताया कि हमने शनिवार को कुल 21 मरीजों के नमूने लिए और उनमें से एक की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। उन्होंने कहा कि एच3एन2 वायरस भी एच1एन1 (स्वाइन फ्लू) के प्रकारों में से एक है और इसके लक्षण भी एक जैसे ही हैं। डॉक्टर ने कहा कि अस्पतालों में आने वाले मरीजों को सर्दी, खांसी, उल्टी, शरीर में दर्द और गले में संक्रमण की शिकायत है। उन्होंने कहा कि हम एच3एन2 इन्फ्लुएंजा का पता लगाने के लिए मरीजों का सीरोलॉजिकल टेस्ट करते हैं।

# झारखंड के कई जिलों में बर्ड फ्लू का कहर



**रांची।** झारखंड के कई जिलों में इन दिनों बर्ड फ्लू का कहर लगातार जारी है। प्रदेश के कई इलाकों में मुर्गियां तेजी से मर रही हैं। हालात को देखते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय ने तीन सदस्यीय दल रांची में तैनात किया है। वहीं, अब तेजी से फैलते संक्रमण को देखते हुए प्रशासन ने चिकन की बिक्री पर रोक लगा दी है। जिला प्रशासन व पशुपालन विभाग को स्पष्ट हिदायत दी गई है कि प्रोटोकॉल के तहत अगले तीन माह तक इंफेक्टेड जोन में पॉल्ट्री व पॉल्ट्री उत्पाद की खरीद बिक्री नहीं होगी। इस जोन में पॉल्ट्री एवं पॉल्ट्री उत्पाद की आवाजाही पर भी रोक रहेगी। इंफेक्टेड जोन में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखते हुए गहन निगरानी की जाएगी।

स्वच्छता का आकलन करने के बाद स्वच्छता प्रमाण पत्र जारी होगा, जिसे केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। बता दें कि रांची के जेल चौक स्थित आवासीय परिसर में बर्ड फ्लू से मुर्गियों की मौत हुई थी। उसके बाद आवासीय परिसर को एपिक सेंटर बनाते हुए एक किलोमीटर की परिधि में इंफेक्टेड जोन एवं 10 किलोमीटर की परिधि में सर्विलेंस जोन बना कर गहन मॉनीटरिंग की जा रही है।

# सीएसपी संचालक को गोली मार छह लाख की लूट

- समस्तीपुर के वारिसनगर थाना क्षेत्र में बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम
- रुपए से भरा बैग छीनने का विरोध करने पर बदमाश ने मारी गोली, हालत गंभीर

**केटी न्यूज/समस्तीपुर**

वारिसनगर थाना क्षेत्र के प्रखंड मुख्यालय चौक पर रविवार को सीएसपी केंद्र से बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम दिया है। बदमाशों ने सीएसपी संचालक को गोली मारकर साढ़े छह लाख रुपए की लूट की घटना को अंजाम दिया है। जख्मी सीएसपी संचालक की पहचान बरियारपुर गांव निवासी राजन कुमार के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने जख्मी संचालक को इलाज के लिए पीएचसी ले गए, जहां डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं, घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई।

घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि राजन कुमार प्रखंड मुख्यालय चौक स्थित यूनियन बैंक के सीनियर संचालक का काम करता है। वह सुबह अपनी ग्राहक सेवा केंद्र में था। इस दौरान एक बाइक पर सवार दो बदमाश पहुंचे। एक बाइक पर ही था दूसरा सीएसपी में घुस गया. इसके बाद बदमाश रुपए से भरा बैग छीनने का प्रयास करने लगा। इसका विरोध करने पर बदमाशों ने राजन कुमार पर गोली चला दी। गोली मारकर बदमाशों ने रुपए से भरा बैग छीनकर किशनपुर की ओर फरार हो गए।

### तीन महीना पहले भी हुई थी लूट की घटना

पीड़ित के भतीजा ने बताया कि आज कल बदमाश सीएसपी केंद्र से ऐसी घटनाएं खूब अंजाम दे रहे हैं। उसने बताया कि आज चाचा को गोली मार रुपए छीनकर भाग गए। तीन महीना पहले बदमाश मुझसे भी 50 हजार रुपए छीनकर फरार हो गए थे। इस मामले में आज भी पुलिस के हाथ खाली हैं। इस मामले को लेकर थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई थी हालांकि बदमाश फरार हो गए थे। बदमाशों की पहचान में पुलिस जुटी हुई है। जल्द ही पुलिस बदमाशों को गिरफ्तार कर लेगी।




## हैदराबाद में आयोजित सीआईएसएफ के स्थापना दिवस परेड में शामिल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बोले...

# आतंकवाद और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों से सख्ती से निपटेंगे

**एजेंसी/हैदराबाद**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को हैदराबाद में 54वें केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल स्थापना दिवस परेड में शामिल हुए। गृह मंत्री ने इस अवसर पर राष्ट्रीय औद्योगिक सुरक्षा अकादमी में बैफल रेंज 'अर्जुन' का उद्घाटन किया। यहां उन्होंने सीआईएसएफ के जवानों और अधिकारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की आतंकवाद को बिल्कुल न बर्दाश्त करने की नीति आने वाले वक्त में भी जारी रहेगी। अमित शाह ने कहा कि देश के किसी भी हिस्से में अलगाववाद, आतंकवाद और राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों से सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने आगे कहा, पीएम मोदी ने 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का विजन पेश किया है, जिसके लिए बंदरगाहों, हवाई अड्डों आदि की सुरक्षा बहुत जरूरी है। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल उनकी सुरक्षा करेगा जैसा कि वे पिछले 53 वर्षों से करते आ रहे हैं।




**नक्सली और आतंकवादी नियंत्रण में हैं'** केंद्रीय गृह मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि गृह मंत्रालय बंदरगाहों, हवाई अड्डों आदि की सुरक्षा के लिए आने वाले समय में सभी तकनीकों के साथ सीआईएसएफ को मजबूत करेगा। ड्यूटी के दौरान कई सीआईएसएफ कर्मियों ने अपनी जान गंवाई है। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के कारण नक्सली और आतंकवादी नियंत्रण में हैं।

सीआईएसएफ की स्थापना 10 मार्च, 1969 को भारत की संसद के अधिनियम के तहत की गई थी. तब से, हर साल 10 मार्च को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल स्थापना दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष उक्त्र्रू का वार्षिक स्थापना दिवस समारोह हैदराबाद में आयोजित किया गया। इससे पहले, शनिवार को अमित शाह ने कहा था कि सीआईएसएफ भारत की आंतरिक सुरक्षा के स्तंभों में से एक है। यह पहली बार है कि सीआईएसएफ राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के बाहर 'स्थापना दिवस' समारोह आयोजित कर रहा है।



जीयर स्वामी

परमात्मा की प्राप्ति में नहीं, देर लगती है सुख की इच्छा का त्याग करने में।



## खबरें फटाफट

### विचाराधीन बंदी की मौत

**आरा।** मंडल कारा में शराब के मामले में बंद विचाराधीन बंदी की रविवार की दोपहर मौत हो गयी। अचानक तबीयत खराब होने के बाद उसे सदर अस्पताल ले जाया गया। वहां इलाज के दौरान वहां उसने दम तोड़ दिया। मृत बंदी तरारी थाना क्षेत्र के सेदहां गांव निवासी लक्ष्मण चौधरी का 19 वर्षीय पुत्र विकास कुमार चौधरी था। वह पिछले साल 22 अगस्त से जेल में बंद था। हालांकि बंदी की मौत का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। जेल प्रशासन और बंदी के परिजनों द्वारा अलग-अलग तर्क दिये जा रहे हैं। वहीं बंदी परिजनों द्वारा जेल प्रशासन पर सूचना नहीं दिये जाने का आरोप लगाया जा रहा है। हालांकि जेल प्रशासन द्वारा उससे इनकार किया गया है। इधर, प्रशासन द्वारा मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद मौत के कारणों की जांच की शुरू कर दी गयी है।

### तालाब में डूबने से बच्ची की मौत मचा कोहराम

**जहानाबाद।** ओकरी बाजार ईट-भट्टे पर काम कर रहे एक मजदूर की नतिनी की तालाब में डूबने से मौत हो गई। बताया जाता है कि सुंदर चौहान जो सिनाहा फतेहपुर थाना परवलपुर निवासी है यह व्यक्ति ईट भट्टे पर काम करने के लिए ओकरी आया था और अपने साथ अपनी नतिनी मुन्नी कुमारी उम्र लगभग 8 वर्ष को लेकर अपने साथ आया था। रविवार को मुन्नी कुमारी तालाब के किनारे खेलने गया तभी अचानक तालाब में गिर गई, जिसके कारण पानी में डूब गई। वहीं सुंदर चौहान को काफी देर तक मुन्नी कुमारी पर नजर नहीं पड़ी तो खोजबीन करने लगे। काफी खोजबीन के बाद वह नहीं मिली तब तालाब के किनारे देखा कि तालाब में गिरा हुआ है। आसपास के लोगों के सहयोग से अपनी नतिनी को तालाब से निकालकर इलाज के लिए ओकरी पीएचसी में लाया गया, जहां डॉक्टर द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया।

# समाज के साथ नियमों के आधार पर खेल में लड़कियों होती हैं शामिलः रजनी

- महिला दिवस के अवसर पर क्रिया के सहयोग से सहयोगी संस्था द्वारा फुटबॉल मैच का किया गया आयोजन
- बोले कृष्णा... खेल के प्रति किशोरियों को किया जाता है प्रोत्साहित

**केटी न्यूज/पटना**

समाज द्वारा बनाए गए लिंग भेद (जेंडर) के ढांचे में ढली छोटी उम्र की लड़कियां भी खेल का नाम सुनते ही समाज के द्वारा सुनाई गई आदर्श महिला की तरह व्यवहार करने लगती हैं और कई बार उन्हें ऐसा व्यवहार करने के लिए मजबूर भी किया जाता है। उक्त बातें सहयोगी संस्था की रजनी ने महिला दिवस के अवसर पर आयोजित किशोरियों द्वारा आयोजित फुटबॉल मैच प्रतियोगिता के आयोजन के दौरान कही। उन्होंने यह भी कहा कि मैच की शुरूआत में दोनों टीम की खिलाड़ियों को दक्षिण की फिल्म बिगिल के बारे में बिस्तार पूर्वक बताया गया कि कैसे हजारों मुश्किलों के बावजूद भी खेलने का जज्बा रखती है और खेल के प्रति अपनी क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन करती है। हालांकि खेल के मैदान में अभी भी लैंगिक समानता हावी रहता है। इसी सोंच को बदलने के लिए क्रिया के सहयोग से सहयोगी संस्था द्वारा किशोरियों के साथ महिला दिवस के अवसर पर फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया हैं। बिहटा प्रखंड अंतर्गत पैनल गांव के खेल मैदान में आयोजित स्थानीय प्रखंड एवं दानापुर प्रखंड की टीम ने भाग लिया हैं।



**समाज की संकीर्ण पितृसत्तात्मक सोच को चुनौती देने के बराबर :** क्रिया संस्था के सहयोग से आयोजित महिला दिवस के अवसर पर आयोजित फुटबॉल मैच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अलावा मैच के शुरूआती दौर आयोजक द्वारा खेल मैदान में दोनों टीमों की खिलाड़ियों को दक्षिण भारत की फिल्म बिगिल के बारे में बताया गया कि कैसे हजारों मुश्किलों के बावजूद भी खेलने का जज्बा रखती है और खेल कर बेहतर तरीके अपना प्रदर्शन दिखाती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जब कभी भी खेल को लड़कियों के संदर्भ में देखती हूं तो यह लगता है कि लड़कियों का खेलना जैसे सीधे तौर पर समाज की संकीर्ण पितृसत्तात्मक सोच को चुनौती देने के बराबर होता है। क्योंकि खेल में लड़कियां समाज की नहीं बल्कि खेल के नियम पर चलती हैं। उनका पहनावा, व्यवहार और गतिविधि सब कुछ खेल के अनुसार होती है। उन पर न तो इज्जत का बोझ होता है और ना हारने का डर होता है। इसीलिए लड़कियों को इस तरह के खेल से दूर रखा जाता है। शायद यही कारण है कि बचपन से लड़कियों को खेलने की बजाय घर के काम या फिर घर के काम को सिखाने वाले गुड्डे-गुड़ियों की शादी वाले खेल के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

**लक्ष्य तय कर उसे प्राप्त करने का आता है हौसला :** वहीं टीम के ट्रेनर कृष्णा ने बताया कि खेल एक बहुत ही सशक्त माध्यम है। जिससे किसी के अंदर स्वयं पर विश्वास बढ़ता है और लक्ष्य तय कर उसे प्राप्त करने का हौसला आता है। किशोरियों का यह तीसरा मैच है, जिसमें खेल की विधियों में काफी सुधार आया है। हालांकि अभी भी कई तरह की कमियां होने के बाबजूद वह खेलने में पीछे नहीं रहती है। क्योंकि आयोजक द्वारा खेल को लेकर हर समय कुछ न कुछ नयापन सिखाया जाता हैं। इसी उद्देश्यों की पूर्ति के लिए किशोरियां को प्रोत्साहित किया जाता है।

## एक्जीक्यूटिव इंजीनियर के साथ मिल सिक्योरिटी मनी की राशि की हेराफेरी का मामला

# एक करोड़ 32 लाख के गबन के मामले में सिंचाई परियोजना का कैशियर गिरफ्तार

- विभागीय जांच के बाद तत्कालीन एक्जीक्यूटिव इंजीनियर और कैशियर समेत कई लोगों पर दर्ज की गई थी प्राथमिकी
- फरार आरोपित तत्कालीन एक्जीक्यूटिव इंजीनियर की तलाश जारी

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



सरकारी राशि के गबन के मामले में जिले के सिंचाई परियोजना के कैशियर को पुलिस ने रविवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। कैशियर राजू कुमार पर विभाग के एक करोड़ 32 लाख 20 हजार रुपए की राशि के गबन का आरोप है। हालांकि मामले में मुख्य आरोपियों में शामिल तत्कालीन एक्जीक्यूटिव इंजीनियर समेत कई लोगों पर भी प्राथमिकी दर्ज है। जिनकी तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। पूरा मामला जहानाबाद जिले में बिहार सरकार की महत्वकांक्षी योजना उदेरा स्थान सिंचाई परियोजना से जुड़ा है। अरबों रुपये की इस योजना में निर्माण एजेंसी के ठेकेदार से लेकर विभागीय अधिकारी व कर्मी ने मिलकर हेराफेरी की है। मामले का भंडाफोड़ तब हुआ जब निर्माण एजेंसी द्वारा सिक्योरिटी मनी के रूप में जमा की गई एक करोड़ 32 लाख 20 हजार की एफडी को मिलीभगत से गबन कर दिया गया। बताया जाता है कि मामले में विभागीय जांच के सभी पर आरोप सिद्ध पाया गया और उनके विरुद्ध नगर थाने में दो-दो एफआईआर दर्ज कराया गया था, लेकिन एक साल तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी।

**डिप्टी सीएम की फटकार के बाद पुलिस ने की कार्रवाई :** विधानसभा में मामले का खुलासा होने के बाद पुलिस ने आनन-फानन में एफआईआर दर्ज की। मामले में केस तो दर्ज हो गया, लेकिन आरोपियों की गिरफ्तारी में पुलिस उदासीन रही। इस केस में कई अनुसंधानकर्ता आए और चले गए। एफआईआर के दर्ज कराने के लगभग एक साल पुलिस ने इतनी बड़ी सरकारी राशि के गबन मामले में कोई तत्परता नहीं दिखाई। जिसको देखते हुएबीते दिनों डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के वाणावर दौरे के दरम्यान स्थानीय विधायक सतीश कुमार ने डिप्टी सीएम के सामने सारे तथ्यों को रखा था। जिसको लेकर डिप्टी सीएम ने पुलिस अधिकारियों को जमकर फटकार था और एसपी को 15 दिनों के अंदर आरोपी को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया था उसके बाद पुलिस हरकत में आई और आरोपी कैशियर की गिरफ्तारी हो सकी। हालांकि, पुलिस का दावा है की जल्द ही वो एक्जीक्यूटिव इंजीनियर को भी पकड़ लेगी।

### एक्जीक्यूटिव इंजीनियर ने दर्ज कराई थी प्राथमिकी

2018 में तत्कालीन एक्जीक्यूटिव इंजीनियर अरविंद कुमार की लिखित शिकायत पर निर्माण एजेंसी एवं बैंक प्रबंधक के खिलाफ नगर थाने में सरकारी राशि का गबन करने की एफआईआर दर्ज कराई गई। मामला हाईप्रोफाइल होने के कारण कई सालों तक यह मामला नगर थाने की फाइलों में दबा रहा। तब तक एक्जीक्यूटिव इंजीनियर अरविंद कुमार सेवानिवृत्त हो गए। मामला विभाग के मंत्री और आला अधिकारी तक पहुंचने के बाद इस मामले की विभागीय जांच की गई। विभागीय जांच में तत्कालीन एक्जीक्यूटिव इंजीनियर अरविंद कुमार और कैशियर राजू कुमार समेत कई लोगों को इस मामले में दोषी पाया गया। दोषी पाए जाने के बाद विभाग ने वर्तमान एक्जीक्यूटिव इंजीनियर को अरविंद कुमार एवं कैशियर राजू कुमार समेत अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया। इस मामले को स्थानीय विधायक सतीश कुमार ने विधानसभा में भी उठाया था।

## एक नजर

### लोक मंगल कार्य के लिए अंकित सम्मानित



जहानाबाद। ग्लोबल इम्यूनिटी चेंज मेकर अवार्ड 2023 से अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा संचालित (डीआईवाईए) रक्त अग्रदूत जहानाबाद के संचालक अंकित कुमार गुप्ता को राजस्थान के अयोजित कार्यक्रम में किया गया सम्मानित। जिंदगी और मौत से जूझ रहे लोगों को रक्त देकर जान बचाने के लिए अखिल विश्व गायत्री परिवार के अंकित कुमार गुप्ता को निश्वार्थ लोकमंगल के क्षेत्र में कार्य करने हेतु अंतर्राष्ट्रीय सम्मान समारोह में सम्मानित होने पर पुरे मगध जोन के गायत्री परिवार में खुशी का लहर है। इस अंतराष्ट्रीय सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कारगिल युद्ध के योद्धा जिन्होंने युद्ध के दरमियान अपने दोनों पैर और हाथ को मां भारती को समर्पित कर दिए नायक दीपचंद जी उपस्थित हुए। मौके पर डीआईवाईए रक्त अग्रदूत के संरक्षक तथा गयाजी के संचालक अमित कुमार चरण पहाड़ी ने बताया की सम्मान मिलने से युवाओं को प्रोत्साहन मिलता है जिस कारण भविष्य में और बेहतर परिसेवा प्रदान करने की प्रेरणा प्राप्त होती है । इसके लिए राष्ट्रहित फाउंडेशन ट्रस्ट का आभार जताया। ग्लोबल इम्यूनिटी चेंज मेकर अवार्ड अगामी 11 व 12 मार्च को राजस्थान के बीकानेर में सम्मान समारोह आयोजित हुआ है। यह अंतर्राष्ट्रीय सम्मान समारोह है जिसमे अंतर्राष्ट्रीय से 200 और राष्ट्रिय से 740 जिले के समाजसेवीयों को सम्मानित किया गया। इस संबंध में अंकित कुमार गुप्ता ने बताया की अखिल विश्व गायत्री परिवार पिछले 5 सालों से निरंतर जरुरतमंदों को रक्त देकर जीवन बचाने की मुहीम से जुड़ा है। शिविर तथा लाइव डोनर के माध्यम से लोगों को रक्त मुहैया कराया जाता है। उन्होंने कहा की निगेटिव रक्त की काफी कमी के कारण पीढ़ितों को समस्या होती है। लेकिन हमारा गायत्री परिवार में कई ऐसे निगेटिव रक्त वाले युवा मौजुद है।

### जिला मुख्यालय में खुलेगा चौथा वेंडिंग जोन

**जहानाबाद।** सोमवार को अरवल मोड़ राजा बाजार के दुकानदारों के लिए लगभग 50 दुकानदारों को वेंडिंग जोन में व्यवस्थित करने की पहल की जा रही है। फुटपाथ दुकानदार संघ के जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार चोपड़ा के लगातार संघर्ष एवं नासवी के पहल पर यह चौथा वेंडिंग जोन घोषित किया जा रहा है। यह जहानाबाद फुटपाथ दुकानदारों के संघर्ष का नतीजा है। जहानाबाद के जिलाधिकारी जो गरीबों के प्रति सड़क के किनारे रोजी रोजगार करने वाले को सुरक्षित चयन स्थल पर भय मुक्त रोजगार करने की व्यवस्था करने की पहल को फुटपाथ दुकानदार संघ के जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार चोपड़ा ने धन्यवाद दिया। कहा कि उनके पहल है कि भू-माफिया के कब्जे में नगर परिषद एवं जिला परिषद की बेशकीमती जमीनों को मुक्त कर वेंडिंग जोन में परिवर्तन कर आय का स्त्रोत एवं फुटपाथ दुकानदारों को सुरक्षित रोजगार करने की पहल निस्वार्थ भाव से जिला प्रशासन कर रही है। फुटकर एक्ट 2014 का अनुपालन करते हुए काफी सराहनीय कदम उठाया कृषि मीट मुर्गा मार्केट कमेटी नंबर-1, कृषि सब्जी मंडी नंबर 2 व उटा सब्जी मंडी वेंडिंग जोन नंबर 3 पूर्व से ही व्यवस्थित है। अब नगर प्रशासन अलवर मोर राजा बाजार नंबर 4 वेंडिंग जोन को व्यवस्थित करने में युद्ध स्तर पर काम कर रही है। फुटपाथ दुकानदार संघ की ओर से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जहानाबाद जिला अधिकारी को धन्यवाद दिया। जिनकी पहल रंग लाने लगी।

### जीवन कौशल शिक्षा आधारित कार्यशाला का आयोजन



**जहानाबाद।** जिले के मानस इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल (दक्षिणी) सभागार में जीवन कौशल शिक्षा आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मानस इंटरनेशनल समूह के चेयरमैन डॉ. अरुण कुमार सिन्हा ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम 1977 में डब्ल्यूएचओ द्वारा जीवन कौशल क्षेत्र में विभिन्न मुद्दों को उठाया गया और इसको बेहतर बनाने हेतु अनेक प्रकार के शोध किए गए। जीवन कौशल शिक्षा एक ऐसा कौशल है, इसके अंतर्गत बालक में अपने जीवन का समुचित निर्वाहन करने तथा जीवन से संबंधित गतिविधियों को व्यवस्थित ढंग से व्यवस्थित करने की क्षमता का विकास होता है। यह एक प्रकार की शिक्षा है, जिसमें बालक को इस प्रकार की शिक्षा है। जिसमें बालक को इस प्रकार दक्ष बनाने के कौशल का विकास किया जाता है। ताकि वह अपनी योग्यता और बुद्धि से विपरीत परिस्थिति में भी निर्णय ले सके। जिससे वह एक कुशल नागरिक बन सके। इस अवसर पर स्कूल समूह के निदेशक निशांत रंजन ने कहा कि जीवन कौशल शिक्षा जीवन को और सरल एवं सहज बनाना ही जीवन कौशल है जहां जीवन कौशलो को शिक्षित कर विद्यार्थियों उनमें आत्मविश्वास विकसित कर सकते हैं यह उन्हें सहकारी संचारी बनाता है।

## लड़की को मोबाइल देने को लेकर विवाद, पट्टीदार पर पिटाई का आरोप

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धोबहा ओपी अंतर्गत अगरसंडा बेहरा गांव में रविवार की दोपहर लड़की को मोबाइल देने के विवाद को लेकर बाप-बेटे समेत तीन की जमकर पिटाई कर दी गई। इससे तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। घायलों में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धोबहा ओपी अंतर्गत अगरसंडा बेहरा गांव निवासी 55 वर्षीय दिलीप केशरी व उनके दो पुत्र 20 वर्षीय राहुल कुमार एवं 18 वर्षीय रितेश कुमार शामिल है।

वहीं, दिलीप केशरी ने बताया कि करीब पांच माह पूर्व उनके पट्टीदार का ही एक लड़का उनकी बेटी को बात करने के लिए मोबाइल दे रहा था। जिसे उनके बेटे रितेश कुमार ने छत से देख लिया था। इसको लेकर उसने उसकी जमकर पिटाई की थी। इसी बात पर उन लोगों से विवाद चला रहा है। होली में उनका बेटा राहुल कुमार छुट्टी लेकर मुंबई से वापस अपने गांव आया था। शनिवार की दोपहर जब घर के बाहर टहल रहा था। तभी उक्त पट्टीदार के लोगों ने उसी विवाद को लेकर पहले कहासुनी हुई। इसके बाद उक्त पट्टीदार द्वारा उसकी पिटाई की जाने लगी। अपने बेटे राहुल को पीटता देख जब वह एवं उनका छोटा बेटा रितेश बीच-बचाव करने गए तो उक्त पट्टीदार ने उन तीनों की जमकर पिटाई कर दी। इससे तीनों जख्मी हो गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है।

## करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**आरा।** जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव में रविवार की सुबह करंट की चपेट में आने से आटा चक्की मिल संचालक की मौत हो गई। इलाज के लिए शाहपुर रेफरल अस्पताल ले जाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरातफरी मची रही। मृतक शाहपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर वार्ड नंबर 9 निवासी स्व. विश्वनाथ गुप्ता के 56 वर्षीय पुत्र मिथिलेश प्रसाद हैं। वह पेशे से आटा चक्की मिल संचालक एवं घर में ही अपना आटा मिल चलाते थे। इधर, मृतक के छोटे भाई राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रतिदिन की भांति वह रविवार की सुबह भी आटा चक्की मिल में गेहूं पीस रहे थे। उसी दौरान अचानक बिजली का तार टूट कर जमीन पर गिर पड़ा। तभी काम करने के दौरान उनका पैर उसी तार पर स्पर्श कर गया। इसके कारण वह करंट की चपेट में आ गए और बुरी तरह झुलस गए। रेफरल अस्पताल ले जाने पर चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# किशोरी की हत्या से उग्र ग्रामीणों ने पहले थाने को घेरा फिर लगाया जाम

- पुलिस की लापरवाही पर भड़का लोगों का गुस्सा, लापरवाही बरतने पर एएसआई लाइन क्लोज
- एएसआई की बर्खास्तगी की मांग पर किया जाम

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के तीयर थाना क्षेत्र के तीयर गांव में मारपीट के बाद जलायी गयी किशोरी की मौत के बाद बवाल मच गया। शनिवार की दोपहर पटना में मौत और शव आने के बाद परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा भड़क उठा। रविवार सुबह होते ही परिजन और ग्रामीण सड़क पर उतर गये। आरोपितों की गिरफ्तारी और घटना में लापरवाह बरतने वाले एएसआई चट्टान सिंह के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर लोगों द्वारा जमकर हंगामा मचाया गया।

गुस्साए लोगों द्वारा शव के साथ थाने का घेराव किया गया। रटायर जलाकर सड़क जाम और प्रदर्शन किया गया। पुलिस के खिलाफ नारेबाजी भी की गयी। स्थानीय पुलिस खासकर एएसआई हरिवंश राय उर्फ चट्टान सिंह के खिलाफ काफी आक्रोश था। परिजनों द्वारा स्थानीय पुलिस पर आरोपितों को पकड़ कर छोड़ने और कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया जा रहा था। लोगों का कहना था कि थाना से महज 500 मीटर की दूरी पर आरोपितों द्वारा किशोरी को घर में बंद कर पहले रॉड से पीटा गया। उसके बाद उसे जला दिया। शिकायत करने पर छह मार्च को पुलिस द्वारा दो लोगों को पकड़ने के बाद जांच-पड़ताल कर छोड़ दिया गया। इधर, हंगामे व जाम के कारण बिहिया-तीयर-बगेन पथ करीब आठ घंटे तक आवागमन बाधित रहा। सूचना मिलने पर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह व सर्किल इंस्पेक्टर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया गया। शाहपुर के राजद विधायक राहुल तिवारी भी मौके पर पहुंचे और समझाकर लोगों को शांत कराया। विधायक की पहल पर एसपी प्रमोद कुमार से टेलिफोनिक वार्ता हुई। एसपी द्वारा गिरफ्तारी और आरोपित एएसआई के खिलाफ ठोस कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। उसके बाद लोगों का गुस्सा शांत हुआ और परिजन शव को अंतिम संस्कार के लिए ले गये। वहीं, इस मामले में एसपी की ओर से लापरवाही बरतने के आरोपित एएसआई चट्टान सिंह को लाइन क्लोज कर दिया गया है।

## उच्च जोखिम वाले समूहों में टीबी स्क्रीनिंग कर मरीजों को करना है चिह्नित

# हर माह की 14 तारीख को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर होगी टीबी स्क्रीनिंग

- स्क्रीनिंग में बलगम जांच तथा फेफड़ों के एक्सरे से की जायेगी टीबी की पुष्टि

**केटी न्यूज/गया**





टीबी उन्मूलन की दिशा में जिला में प्रत्येक माह 14 तारीख को आयुष्मान-भारत एंड वेलनेस सेंटर पर टीबी स्क्रीनिंग का काम किया जायेगा। इस स्क्रीनिंग के दौरान टीबी के संभावित लक्षणों के आधार पर जांच तथा टीबी रोगियों के इलाज संबंधी अन्य सुविधाएं प्रदान करने का काम किया जाना है। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग के अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, यक्ष्मा ने सिविल सर्जन तथा संचारी रोग अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिये हैं। इस संबंध में जिला संचारी पदाधिकारी सह टीबी नोडल डॉ. पंकज कुमार सिंह ने बताया कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के एमओआईसी एवं अस्पताल प्रबंधकों को निर्देश के अनुपालन के संबंध में जानकारी दी गयी है।

**मासिक हेल्थ मेला में लोगों की होगी टीबी स्क्रीनिंग:** डॉ पंकज सिंह ने बताया कि निर्देश के मुताबिक आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर मासिक हेल्थ मेला में टीबी संबंधित जागरूकता एवं सेवाएं प्रदान की जायेगी। इस दौरान उच्च जोखिम वाले समूहों की टीबी स्क्रीनिंग की जायेगी। टीबी स्क्रीनिंग में पांच वर्षों से टीबी पीड़ित रोगियों, वर्तमान में टीबी का उपचार ले रहे रोगियों के संपर्क में रहने वाले परिवार के सदस्यों, कोविड संक्रमण पीड़ित व्यक्तियों तथा मधुमेह के रोगियों को शामिल किया गया है। इसके अलावा डायलिसिस अथवा इम्यूनो सप्रेसेंट ट्रीटमेंट ले रहे रोगी, खांसी, दमा एवं श्वसन तंत्र के पुराने रोगी, कुपोषित बच्चे व गर्भवती महिलाओं की भी टीबी स्क्रीनिंग की जायेगी। प्रत्येक माह 14 तारीख को टीबी के बारे में जागरूकता लाने के लिए प्रचार प्रसार करने के लिए भी निर्देशित किया गया है।

### हेल्थ मेला का आयोजन कर टीबी रोगियों के बीच होगा फूड बास्केट का वितरण

इसके अलावा हेल्थ मेला का आयोजन कर टीबी के रोगियों को निक्षय मित्र के माध्यम से फूड बास्केट का वितरण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि स्क्रीनिंग में बलगम जांच और जांच में टीबी के बैक्टीरिया मिलने के साथ रोगी के इलाज की प्रक्रिया को प्रारंभ करना शामिल है। यदि बलगम में बैक्टीरिया नहीं मिलता है लेकिन फेफड़ों के एक्सरे में टीबी संक्रमण दिखता है तो भी टीबी की दवा प्रारंभ करानी है। संक्रमण से बचाव के लिए सभी आवश्यक प्रोटोकॉल के साथ स्वास्थ्यकर्मी हेल्थ मेला में बलगम कंटेनर के साथ काम करेंगे।

केशव टाइम्स

बक्सर, 13 मार्च 2023





website : keshavtimes.com

e-mail : keshavtimes1@gmail.com




## खबरें फटाफट

### शराब कारोबारी समेत चार गिरफ्तार

**नावानगर।** जिले के सोनवर्षा ओपी पुलिस ने रविवार को इलाके के तीन शराबियों व एक फरार कारोबारी समेत कुल चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मिली जानकारी के अनुसार राहगीरों की सूचना पर सोनवर्षा पुलिस ने कड़सर बस स्टैंड पर शराब पीकर उत्पात मचाने वाले स्थानीय गांव निवासी पंकज रवानी, कलक्टर बारी व प्रशांत चौधरी को गिरफ्तार किया। तीनों को मेडिकल जांच कराई गयी। जांच रिपोर्ट में शराब पीने के पुष्टि होने के बाद पुलिस ने उनका चालान कर उन्हें जेल भेज दिया। वहीं मौडिहा गांव के नंद कुमार मुशहर को भी शराब तस्करी के मामले में पकड़ जेल भेजा गया है। ओपी प्रभारी ज्ञान प्रकाश सिंह ने कहां कि जनवरी महीने में उसके घर से पांच लिटर देशी शराब बरामद हुआ था। इस दौरान वह पुलिस को चकमा दे भाग निकला था। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना पर उसे उसके घर से गिरफ्तार किया गया है।

### बाइक के धक्के से किशोर जख्मी

**सिमरी।** जिले के सिमरी थाना क्षेत्र अंतर्गत आशा पड़री शिव मंदिर के पास तेज रफ्तार बाइक के धक्के से एक किशोर जख्मी हो गया है। दुर्घटना को अंजाम दे बाइक चालक भागने में सफल रहा। स्थानीय निवासियों तथा परिजनों द्वारा तत्काल जख्मी किशोर को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद उसकी हालत स्थित बनी हुई है। जख्मी किशोर की पहचान गायघाट के बबनु कुमार के 8 वर्षीय पुत्र आर्यन कुमार के रूप में हुई है। इस दुर्घटना के बाद लोगों में बेलगाम परिचालन के प्रति गहरा आक्रोश है। लोगों का कहना है कि सिमरी भोजपुर पथ पर तेज रफ्तार परिचालन के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है।

# प्रतिभा का परचम: सात वर्षीय अर्नव ने जीता रॉलर स्केटिंग का स्टेट चैंपियनशिप

- बक्सर रॉलर स्केटिंग एसोसिएशन से जुड़ अर्नव ने सीखे है स्केटिंग के गुर
- द लेजेंड स्कूल के वर्ग दो का छात्र है अर्नव, सूबे के खेल मंत्री के हाथों हुआ सम्मानित

**केटी न्यूज/डुमरांव**

कहा जाता है कि 'परिंदों को तालीम नहीं दी जाती है उड़ानों की, वे खुद ही छू लेते है बुलंदियां आसमानों की.....' इस उक्ति को साबित कर दिखाया है डुमरांव के सात वर्षीय अर्नव चौबे ने। इतनी कम उम्र में ही उसने अपने आयु वर्ग के रॉलर स्केटिंग का स्टेट चैंपियनशिप जीत अपनी प्रतिभा का न सिर्फ परचम लहराया है बल्कि अपनी मां के सपनों को पंख देने के साथ बक्सर रॉलर एसोसिएशन को गौरवान्वित भी किया है। रविवार को ही पाटलिपुत्र स्थित पटना स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में बिहार सरकार के खेल एवं कला संस्कृति मंत्री जितेन्द्र कुमार राय ने अपने हाथों नन्हें अर्नव चौबे को प्रमाण पत्र व मोमेंटो प्रदान किया। इस दौरान खेल मंत्री ने उसकी प्रतिभा तथा साहस की जमकर सराहना की तथा उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



अर्नव को सम्मानित करते मंत्री

**अक्टूबर में हुआ था फर्स्ट बिहार स्टेट रॉलर चैंपियनशिप का आयोजन :** इस संबंध में जानकारी देते हुए अर्नव के स्केटिंग कोच तथा बक्सर जिला रॉलर स्केटिंग एसोसिएशन के नमो नारायण मिश्र ने बताया कि फर्स्ट बिहार स्टेट रॉलर स्केटिंग चैंपियनशिप का आयोजन 16 अक्टूबर को दानापुर स्थित केन्द्रीय विद्यालय परिसर में हुआ था। इस दौरान पूरे बिहार से अलग-अलग आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग लिए थे। अर्नव पांच से सात वर्ष के आयु वर्ग में शामिल हुआ था तथा पहली प्रतियोगिता में ही अपने आयु वर्ग का स्टेट चैंपियन बन गया। उसकी इस सफलता से पूरे जिले में स्केटिंग के खिलाड़ियों तथा उसके परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

### कोच ने उसकी प्रतिभा को पहचान प्रशिक्षण पर की कड़ी मेहनत

अर्नव चौबे मूलरूप से डुमरांव के खिरौली का रहने वाला है। उसकी माता चारू शीला चौबे ही उसकी मां तथा अभिभावक दोनों है। वह डुमरांव के द्द लेजेंड स्कूल में वर्ग दो का छात्र है। यही से उसे स्केटिंग के प्रति लगाव भी शुरू हुआ था। इसी दौरान स्केटिंग के चर्चित कोच नमो नारायण मिश्र की नजर उस पर पड़ी। कोच ने पहली नजर में उसकी प्रतिभा को पहचान गए थे। उन्होंने उसके प्रशिक्षण पर कड़ी मेहनत की थी। जिसका सुखद परिणाम अब सामने आया है। कोच नमो ने बताया कि अर्नव ने स्टेट चैंपियनशिप जीत पूरे जिले का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि आगे चलकर वह नेशनल चैंपियनशीप में भी शिरकत करेगा। उन्होंने कहा कि अर्नव के अंदर प्रतिभा कूट-कूट कर भरी हुई है। उन्होंने उसकी सफलता के पीछे उसके लगन तथा माता चारू शीला चौबे के सहयोग का कारण बताया। वही अर्नव पढ़ाई में भी काफी कुशाग्र है। वही द लेजेंड स्कूल के डायरेक्टर रजनीश दूबे ने भी अर्नव की सफलता पर उसे बधाई दी है। उन्होंने कहा कि अर्नव की उपलब्धि पर पूरे विद्यालय परिवार को गर्व है।

डुमरांव में फेल साबित हो रहा है डोर टू डोर कूड़ा उठाव का दावा, नगर प्रशासन उदासीन

# बदहाली : लाखों खर्च के बावजूद शहर की सफाई व्यवस्था सिफर, पसरा रहता है कूड़ा

**केटी न्यूज/डुमरांव**

सफाई के नाम पर लाखों रूपए खर्च के बाद भी परिणाम सिफर साबित हो रहा है। डुमरांव नगर परिषद क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पिछले कुछ महीनों पूरी तरह से बेपटरी हो गई है। शहर में जगह-जगह पसरे कूड़ा कचरा इस बात का गवाही दे रहा है कि नगर परिषद सफाई की जिम्मेदारी संभालने में फेल है। यह स्थिति तब है जब शहर में स्वच्छता सर्वेक्षण करवाया जा रहा है। नगर परिषद प्रशासन इस स्वच्छता सर्वेक्षण में पूरे राज्य में औव्वल आने का दंभ भर रहा है, लेकिन धरातल पर स्थिति कुछ और ही बयां कर रही है। सफाई के नाम पर एनजीओ प्रतिमाह नगर परिषद से लाखों की मोटी राशि की वसूल रहा है। लेकिन होली से पहले और होली के बाद भी नगर परिषद अपनी जिम्मेवारी को पूरा नहीं कर पाया। एनजीओ के जिम्मे डोर टू डोर कूड़ा उठाव नाली की सफाई सिल्ट का उठाव तथा झाड़ू लगाने समेत संपूर्ण सफाई की जिम्मेदारी है। नगर परिषद प्रतिमाह एनजीओ को 44 लाख की धनराशि निर्गत करता है।



- एनजीओ के जिम्मे शहर में डोर टू डोर कूड़ा, नाली की सफाई, सिल्ट का उठाव व झाड़ू लगाना

**हर दिन नहीं हो पा रहा है कूड़े का उठाव :** शहर के लोगों को नियमित सफाई का लाभ नहीं मिल रहा है। सप्ताह में एक या दो दिन ही एनजीओ द्वारा सफाई कर्मी मुहैया कराया जाता है। वार्ड संख्या 13 तकिया मोहल्ला तथा शहीद स्मारक के पास सड़क किनारे पसरा कूड़ा सफाई व्यवस्था की पोल खोल दिया है। स्थानीय राजेंद्र पाल का कहना है कि सफाई कर्मी नियमित नहीं आते हैं। वार्ड संख्या 18 में गौशाला रोड बंधन पटवा रोड व अन्य जगहों पर कूड़ा पसरा है। वार्ड पार्षद कसमुद्दीन का कहना है कि तीन दिनों से इस वार्ड में सफाई कर्मी नहीं आए हैं। टेक्सटाइल कॉलोनी व स्टेशन क्षेत्र में पिछले चार दिनों से सफाई कर्मी नहीं आए हैं। राम बहादुर सिंह मनोज कुमार रमेश प्रसाद कहते हैं कि नगर परिषद सफाई के नाम पर अपनी जेब भरने में लगा है।

**पूरे शहर में लगा है गंदगी का अंबार :** नगर का ऐसा कोई वार्ड और मोहल्ला नहीं है जहां सड़क किनारे पसरा कूड़ा और गंदगी न मिल जाए। नगर के वार्ड संख्या 13, 18, आठ, दो, 14 पांच, सात, नौ समेत ऐसे कई वार्ड है जहां सड़क किनारे पसरा कूड़ा इस बात का खुलेआम गवाही दे रहा है कि का उठाव नियमित रूप से नहीं होता है। बताया जाता है कि सफाई के नाम पर एक बड़ी धनराशि का बंदरबांट किया जा रहा है।

### शहर में चल रहा है स्वच्छता सर्वेक्षण

पूरा शहर कूड़े के ढेर पर बैठा है। सफाई का अभाव तथा गंदगी नहीं लोगों को जीना मुहाल कर दिया है। सरकारी स्तर पर स्वच्छता सर्वेक्षण चल रहा है। स्वच्छता सर्वेक्षण सूची में बिहार में नंबर दो का सम्मानजनक स्थान पाने वालों दोनों नगर परिषद पिछड़ कर काफी दूर चला गया है। स्वच्छता सर्वेक्षण सूची में स्थान पाने के लिए नगर परिषद अब तक लाखों रुपए खर्च कर चुका है। लेकिन लोगों को स्वच्छता का एहसास कराने में पूरी तरह फेल है।

**एनजीओ द्वारा कूड़ा का उठाव शुरू :** इस संबंध में डुमरांव नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि होली बाद चौक चौराहों पर पसरे कूड़ा का उठाव करने का निर्देश एनजीओ को दिया गया है। जिसके बाद एनजीओ द्वारा कूड़ा का उठाव शुरू कर दिया गया है। एक-दो दिनों में शहर के लोगों को सड़कों की सफाई का एहसास होने लगेगा।

## एक नजर

### रुद्रसागर सेवा समिति करेगा सामूहिक जनेऊ यज्ञ का आयोजन, बैठक में बनी रणनीति



**डुमरांव।** मानवता की सेवा में तत्पर रहने वाला रुद्रसागर सेवा समिति सामूहिक जनेऊ यज्ञ का आयोजन करेगा। यह जनेऊ यज्ञ 31 मार्च को नगर के प्रसिद्ध जंगलीनाथ शिव मंदिर प्रांगण में होगा। रविवार को मंदिर प्रांगण में जनेऊ समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता दीपक कुमार द्विवेदी ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि इलाके के अधिक से अधिक बटुक को जनेऊ संस्कार कराया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए समिति के संरक्षक रविशंकर चौबे ने कहा कि जनेऊ संस्कार कराने वाले बटुक को स्वयं के लिए पीला वस्त्र के अलावे अपने माता पिता भाई-बहन तथा मित्र रिश्तेदारों के साथ निर्धारित समय पर मंदिर आना होगा। जनेऊ संस्कार का सारा खर्च रुद्रसागर सेवा समिति करने को तैयार है। उन्होंने उपस्थित लोगों से अधिक से अधिक बटुक संख्या बढ़ाने में सहयोग की अपील की। ताकि महत्वपूर्ण जनेऊ संस्कार का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिल सके। बैठक में इस आयोजन का बृहद रूप से प्रचार-प्रसार करने तथा इच्छुक लोगों को जोड़ने का निर्णय लिया गया। इस दौरान बताया गया कि अबतक जनेउ के लिए 50 बटुकों का चयन कर लिया गया है। इस संख्या को और अधिक बढ़ाने के लिए समिति सदस्यों ने हुंकार भरी है। बैठक में विजय कुमार ओझा, अभिषेक तिवारी, अरुण कुमार, राजेश कुमार, रिंकू पांडे, कामदेव मिश्र, राधेश्याम दुबे, चंदन चौब, गुड्डू चौबे, रिंकू चौबे, अंशुमन चौबे, सोनू ओझा, चंद्रचूड़ ओझा, राजीव रंजन सिंह, धनंजय पांडे आदि लोग उपस्थित थे।

### शहर के युवा दंत चिकित्सक डॉ. हिमांशु ने की युवती के टूटे जबड़े की सफल सर्जरी



**डुमरांव।** डुमरांव के वार्ड 13 निवासी प्रतिभा कुमारी नामक युवती का एक सड़क दुर्घटना में जबड़ा टूट गया था। दुर्घटना में उसके उपर के दो तथा नीचे के तीन समेत कुल पांच दांत भी टूटे थे। इस दुर्घटना के बाद उसके परिजन काफी परेशान हो गए थे। इस दौरान किसी ने उन्हें युवा दंत चिकित्सक डा हिमांशु पांडेय से सर्जरी कराने का सुझाव दिया। परिजन उसे लेकर स्टेशन रोड के पाल कटरा स्थित दांत अस्पताल - शिवम डेंटल क्लिनीक पहुंचे। जहां डा हिमांशु ने करीब साढ़े तीन घंटे के लंबे आपरेशन के बाद युवती के टूटे जबड़े व दातों का प्रत्यारोपण किया। उनके इलाज के बाद युवती काफी राहत महसूस कर रही है। वही उसके देखने बाद ऐसा नहीं लग रहा है कि उसका इतना मेजर एक्सीडेंट हुआ था। इस संबंध में डा हिमांशु ने जानकारी देते हुए बताया कि दुर्घटना में उसका मैग्जिल फ्रेक्चर हो गया था। जिसकी सर्जरी काफी कठिन होती है। उन्होंने कहा कि वे इसके पहले भी कई मरीजों के जबड़े का सफल सर्जरी कर चुके है। वही सर्जरी सफल होने के बाद परिजनों ने डा हिमांशु का आभार जताया है। बता दें कि डा हिमांशु की गिनती जिले के गिने चुने दंत चिकित्सकों में होती है। वे अबतक दर्जनों मरीजों के जबड़े की सर्जरी कर उन्हें नया जीवन दे चुके है। कम उम्र में उनकी कार्यकुशलता की चर्चा उनके मरीज अक्सर करते है। उन्होंने कहा कि कठिन मामलों का इलाज करना उनके शगल में शामिल है। बता दें कि इसके पहले जबड़े जैसे आपरेशन के लिए मरीजों को पटना या बनारस जाना पड़ता था। लेकिन अब स्थानीय शहर में जबड़े की सर्जरी होने से लोगों को बड़ी राहत मिल रही है।

### दूसरे दिन भी जारी रहा शिक्षकों का अनिश्चितकालीन आमरण अनशन



**बक्सर।** एरियर भुगतान सहित तीन सूत्री मांगों के समर्थन में शिक्षकों का अनिश्चितकालीन आमरण अनशन रविवार को भी जारी रहा। कवलदह पोखरा के पास आमरण अनशन पर बैठे शिक्षकों ने कहा कि जबतक उनकी मांगे पूरी नहीं हो जाती है तबतक उनका अनशन जारी रहेगा। बता दें कि शनिवार से ही शिक्षक विभाग के अड़ियल रवैये, एरियर भुगतान समेत तीन सूत्री मांगों के समर्थन में आमरण अनशन कर रहे है। आमरण अनशन के दूसरे दिन की अध्यक्षता शिक्षक अमितेश कुमार तथा संचालन ब्रजभूषण सिंह व जयप्रकाश शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। बता दें कि यह अनिश्चितकालीन आमरण अनशन शिक्षक संघर्ष मोर्चा बक्सर के अध्यक्ष मुक्तेश्वर प्रसाद तथा एनआईओएस प्रशिक्षित शिक्षक कमलेश प्रसाद यादव के संयुक्त तत्वावधान में शुरू किया गया है। अपने संबोधन में मुक्तेश्वर ने कहा कि विभाग द्वारा शिक्षकों के अधिकार के साथ खिलवाड किया जा रहा है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभाग तथा स्थानीय प्रशासन शिक्षकों को मरने के लिए छोड़ दिया है। जबकि उनकी सभी मांगे न्यायोचित है। इधर दूसरे दिन भी आमरण अनशन पर न तो शिक्षा विभाग व स्थानीय प्रशासन का कोई अधिकारी पहुंचा और न ही मेडिकल टीम ही उनके स्वास्थ की जांच करने गई थी। जिससे आमरण अनशन पर बैठे शिक्षकों का आक्रोश बढ़ते जा रहा है। मौके पर जयप्रकाश शर्मा, कमलेश प्रसाद यादव, सुधीर कुमार पाठक, संतोष सिंह, संजय कुमार, श्याम किशोर, धनजी सिंह, अनिल यादव, गुड्डू मंसूरी, परवेज आलम, आशुतोष उपाध्याय, रवि कुमार मौर्य, शिवगोपाल, अवधेश पासवान, जयप्रकाश शर्मा, अजीत कुमार सिंह समेत कई अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## दो दिवसीय किसान मेला सह किसान गोष्ठी संपन्न, विधायक ने किया निरीक्षण

**केटी न्यूज/बक्सर**

केवीके बक्सर द्वारा आयोजित दो दिवसीय किसान मेला सह किसान गोष्ठी रविवार को संपन्न हो गया। किसान गोष्ठी कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि सह राजपुर विधायक विश्वनाथ राम, जिला कृषि पदाधिकारी मनोज कुमार, केवीके प्रभारी हरिगोविन्द, प्रगतिशील किसान मिथिलेश पासवान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

राजपुर विधायक ने कहा कि केवीके द्वारा जिले में पहली बार अनुसूचित जाति के लिये इस तरह का कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें इस समाज के लोगों को कृषि की नई-नई तकनीकियों के बारे में जानकारी मिली है। उन्होंने किसानों से जैविक खेती को अपनाने के बारे जोर दिया। उन्होंने कहा कि छोटे भूमिहीन एवं अनुसूचित जाति के किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। किसानों को जलवायु अनुकूल तकनीकियों के बारे में जागरूक करने तथा पंचायत स्तर तथा प्रखण्ड स्तर पर भी इस प्रकार के आयोजन करने की बात कही। विधायक ने कहा कि पशुपालन एवं पशु चिकित्सा संबंधी योजनाओं को ग्रामीण स्तर तक पहुचाने के लिए सरकार विशेष योजनाएं चला रही है। केवीके के डॉ देवकरण, डॉ रामकेवल, डॉ मान्धाता सिंह ने तकनीकी जानकारी दी। मौके पर संतोष सिंह, ब्रजेश पाठक, इन्द्रेश पाठक, सुदर्शन सिंह, राम प्रवेश दुबे, कुसुम देवी, संगीता देवी, मोतीलाल राम, श्रीभगवन राम व अन्य लोग मौजूद रहें।

# एसपी ने नावागनर इलाके में चलाया रात्रि गश्ती अभियान, दो स्कार्पियो से चार राइफल जब्त

**केटी न्यूज/नावानगर**

बक्सर के प्रभारी एसपी दीपक वर्णवाल व डुमरांव एसडीपीओ सह एएसपी राज पुलिसिंग को धारदार बनाने के लिए खुद रात्रि गश्ती अभियान चला रहे है। शनिवार की रात दोनों अधिकारियों ने नावानगर, सिकरौल तथा सोनवर्षा ओपी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान तीनों थानों में स्थिति को संतोषजनक पाया। इसके बाद दोनों अधिकारी बक्सर व रोहतास के बार्डर पर स्थित नावानगर थाना क्षेत्र के पंचदरवा पुल के पास वाहन चेकिंग अभियान भी चलाया। इस दौरान रात्रि करीब 11.30 बजे मलियाबाग की तरफ से आ रही दो स्कार्पियो वाहन का जब जांच किया गया तो उसमें से चार राईफल बरामद हुआ। दोनों वाहनों के लोग किसी बारात से वापस लौट रहे थे। इस दौरान राईफलधारियों ने बताया कि यह उनकी लाइसेंसी राइफल है। लेकिन लाइसेंस नहीं होने के कारण एसपी चारों राइफल को जब्त कर नावानगर थाना लाए। बाद में चारों द्वारा अपना-अपना लाइसेंस प्रस्तुत किया गया। जिसका भौतिक सत्यापन करने के बाद एसपी ने सभी शस्त्रधारियों के शस्त्र लौटा दिए। एसपी तथा एएसपी के इस तेवर के बाद पुलिसकर्मियों में भी हड़कंप मच गया था। वहीं, अपराधियों में भी भय व्याप्त है। थानों के निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने सभी थानाध्यक्षों से रात्रि व दिवस गश्ती अभियान तेज करने का निर्देश दिया। अधिकारियों के इस निर्देश का असर रविवार को भी देखा गया। डुमरांव सहित अनुमंडल के कई थानों की पुलिस द्वारा रविवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया है। इस दौरान पुलिस चारपहिया व दो पहिया वाहनों को रोक सघन तलाशी ले रही थी। गौरतलब है कि शराब तस्करी व अपराध रोकने के लिए एसपी ने नियमित वाहन चेकिंग अभियान का बड़ा हथियार बताया है।



डुमरांव में वाहन जांच करते पुलिस जवान

- लाइसेंस के सत्यापन के बाद लौटाया, रविवार को चला सघन अभियान

मच्छररोधी दवाओं का छिड़काव नहीं करा रहा स्वास्थ विभाग और स्थानीय प्रशासन

# मौसम में बदलाव के साथ बढ़ा मच्छरों कर प्रकोप, बढ़ी लोगों की परेशानी

**केटी न्यूज/केसठ**

ग्रामीण क्षेत्रों में मच्छरों की बढ़ती संख्या और दंश ने लोगों के नाक में दम कर दिया है। मच्छरों के प्रकोप से लोगों का जीना दूभर हो गया है। सोते-जागते, उठते-बैठते हर वक्त मच्छरों की भिनभिनाहट और दंश से लोग परेशान हैं।

बावजूद इसके स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य जिम्मेदार विभाग लापरवाह बने हुए हैं। विभागीय लापरवाही का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि ग्रामीण क्षेत्र में फागिंग कब हुई है ये किसी को याद नहीं है। मच्छरों को भगाने के लिए जलाए जाने वाले क्वायल व मच्छर अगरबत्ती सहित अन्य उपाय भी कारगर साबित नहीं हो पा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शाम ढलते ही मच्छरों का प्रकोप इस कदर बढ़ जाता है कि चैन से बैठना भी मुहाल हो जाता है। मच्छरों के प्रकोप के कारण लोगों के दिन का चैन व रात की नींद गायब हो गई है। लोगों को मच्छरों के काटने से होने वाले संक्रमण का भी डर सताने लगा है।

- लोगों को सताने लगा मच्छरों के काटने से होने वाले संक्रमण का डर

**संक्रमण होने का बना रहता है आशंका :** क्षेत्र में जिस तरह से मच्छरों का प्रकोप बढ़ा जा रहा है तो लोगो के मन में मच्छरों से होने वाली बीमारियां डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, पीला बुखार, जीका वायरस आदि होने का डर बना रहता है। लोगों का कहना है कि फॉगिंग नहीं होने से मच्छर तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। बाहर तो बाहर लोगों को घर के अंदर भी रहना दुश्वार हो गया है। एक रिपोर्ट की माने तो हर साल करीब पूरे दुनिया भर में 10 लाख लोगों की मौत मच्छरों के काटने से होती है। ऐसे में स्थानीय प्रशासन की लापरवाही लोगों के लिए भारी पड़ सकती है।



**मच्छर नाशक दवा स्वास्थ्य के लिए घातक :** मच्छर भगाने वाली क्वॉइल और अगरबत्ती के धुएं में कैंसर पैदा करने वाले तत्व होते हैं। इसके प्रभाव लंग कैंसर होने का खतरा अधिक होता है। अगर आप बंद कमरे में क्वॉइल का इस्तेमाल कर रहे हैं तो यह सैकड़ों सिगरेट के धुंए लेने के बराबर होता है। क्वॉइल में पाया जाने वाला पायरेथ्रिन पेस्टीसाइड जो कि फेफड़ों को नुकसान पहुंचाता है। बाजारों में अब कई तरह के नो स्मोक वाले क्वॉइल भी मिल रही है लेकिन इनमें धुंआ तो नहीं होता पर कार्बन मोनोऑक्साइड काफी मात्रा में निकलती है, जो फेफड़ों को नुकसान पहुंचाती है। मच्छरों के प्रकोप के डर से लोगो को ऐसी घातक मच्छर रोधी दवाओं का इस्तमाल करना मजबूरी बन गया है।

**स्वास्थ विभाग के पास फागिंग कराने की फंडिंग नहीं :** इस संबंध में केसठ पीएचसी प्रभारी डा विनय कुमार ने कहा कि स्वास्थ विभाग के पास फागिंग कराने की फंडिंग नहीं होती है। उन्होंने इसका ठीकरा स्थानीय प्रशासन पर फोड़ा है।

## खबरें फटाफट

### महिला के साथ सामूहिक बलात्कार

**रेवती।** रेवती थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक महिला से 4 लोगों द्वारा सामूहिक बलात्कार करने का मामला सामने आया है । पीड़ित महिला द्वारा दिलीप कुमार साह पुत्र राजेंद्र साह उम्र 23 वर्ष करण छपरा, सीताराम कुम्हार पुत्र सुधन कुम्हार समूही जिनका उम्र 45 वर्ष अभिषेक पांडेय पुत्र बिहारी पांडे रेवती, और लक्ष्मण पांडेय पुत्र बलिराम पांडेय नैना के रहने वाले, के ऊपर आरोप लगाया गया है । पीड़िता ने बताया कि मेरे पति की अनुपस्थिति में 4 लोग मेरे घर आए और अकेली देखकर हमारे साथ गलत काम करने लगे। मेरे मना करने के बाद वह नंगी अवस्था में वीडियो और फोटो बना लिए और धमकाते हुए बोले कि किसी को बताओगे तो यह वीडियो और फोटो वायरल हो जाएगा और बार-बार मेरे साथ बलात्कार करने लगे। मैं दिलीप कुमार के सामने हाथ जोड़कर विनती की, फिर चारों लोगों को तरस नहीं आयी। इसके बाद फेसबुक पर मेरे भाई के नाम से फर्जी आईडी बनाकर सभी फोटो और वीडियो वायरल कर दिए।

### इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पदाधिकारियों का चयन

बलिया। संघे शक्ति युगे-युगे कहा गया है। उसी को चरित्रार्थ करते हुए बलिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एसोसिएशन की रविवार को पीडब्ल्यूडी के डाक बंगला में बैठक हुई। बैठक मे सर्व सम्मति से अध्यक्ष करुणा सिंधु सिंह को अध्यक्ष और नरेन्द्र मिश्र को महामंत्री चुना गया। बैठक में चुनाव के बाद सभी मीडिया बंधुओ ने अपने अध्यक्ष को माला पहना कर गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। अध्यक्ष करुणा सिंधु सिंह ने कहा कि जिस विश्वास के साथ जिम्मेदारी सौंपी गई है उसे हर संभव कोशिश कर सम्मान बढ़ाया जायेगा। करुणा ने कहा कि पद भले ही हमें और नरेन्द्र मिश्र को दिया गया है। लेकिन सभी भाई इस पद पर आसीन है।

# बिजली उपभोक्ताओं को अब मोबाइल पर ही उपलब्ध होगा हर माह का बिल

**तिलक कुमार/बलिया**

बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता आरके जैन ने बताया कि अब जनपद के उपभोक्ताओं को मोबाइल पर मासिक बिजली बिल मिलेगा। इसके साथ ही कटौती व आपूर्ति से संबंधित मैसेज से आपको अपडेट किया जाएगा। बताया कि उपभोक्त आसानी से बिजली बिल का आनलाइन भुगतान कर सकें, इसलिए मोबाइल पर ही क्यूआर कोड भेजा जाएगा।

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि जिले में बिजली विभाग के करीब तीन लाख 50 हजार उपभोक्ता है। विद्युत विभाग निगम उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी करा रहा है। जिले में अब तक 70 प्रतिशत से अधिक उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी की जा चुकी है। इसके जरिए उपभोक्ताओं को अब आपूर्ति बाधित रहने सहित बिजली बिल और योजना के बारे में मोबाइल पर जानकारी मिलेगी।

अब तक बैंक, रसोई गैस कनेक्शन, पेंशन और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में अभी तक लाभार्थियों को ई-केवाईसी करानी पड़ती थी, लेकि अब बिजली उपभोक्ताओं पर भी यह लागू हो गया है। हालांकि इसमें आधार सत्यापन की जरूरत नहीं पडती है। विद्युत निगम द्वारा शुरू की गई ई-केवाईसी व्यवस्था में उपभोक्ताओं को मोबाइल, वाट्सएप्प और ई-मेल ही दर्ज कराना होता है। उपभोक्ताओं की केवाईसी कराने के लिए बिजली कर्मी घर-घर जाकर उनकी जानकारी इकट्ठा कर चुके हैं। फरवरी माह की समाप्ति तक 70 प्रतिशत से अधिक उपभोक्ता केवाईसी करा चुके हैं। बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता आरके जैन ने बताया कि उपभोक्ताओं की केवाईसी कराने वाले उपभोक्ताओं को आनलाइन तमाम प्रकार की सुविधा मिलनी शुरू हो जाएगी।



❑ क्यूआर कोड के माध्यम से घर से कर सकेंगे भुगतान

### मिलेंगी ये सुविधाएं

- मोबाइल पर मिलेगा मासिक बिजली बिल
- कटौती व आपूर्ति से संबंधित अन्य जानकारी
- मोबाइल पर मिलेगा ऑनलाइन भुगतान के लिए क्यूआर कोड
- 1912 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करने में मिलेगी सहूलियत
- बिल के साथ ऑनलाइन भुगतान के लिए मिलेगा उपभोक्ता को क्यूआर कोड

### बिजली बिल में 50 प्रतिशत तक दी जा सकती है छूट

**बलिया।** अपना बिजली बिल का भुगतान प्रति माह करना होता है। लेकिन कहीं बार कुछ कारणवश हमारा बिजली बिल समय से जमा नहीं हो पाता है। ऐसे में हमारा बिजली बिल का भुगतान बकाया बढ़ता ही जाता है। लगातार कुछ महीनों तक जमा नहीं कर पाने से एक समय ऐसा आता है कि यह राशि हमारी सामर्थ्य (क्षमता) से अधिक हो जाती है। जिसे हम एक साथ जमा करने में असमर्थ हो जाते है। क्यूंकि इसमें अब बिल के साथ अतिरिक्त शुल्क भी लगाया जाता है। ऐसे मामलों का निपटारा करवाने के लिए यूपीपीसीएल द्वारा समय समय पर एकमुश्त निपटान योजना को लाया जाता है।

इस योजना में बकायेदार को बिल राशि व अतिरिक्त शुल्क में भारी छूट दी जाती है, जिससे लंबित बकाया बिल का निपटारा किया जा सके। इसी सन्दर्भ में यूपी के मुख्यमंत्री द्वारा भी कुछ समय पूर्व एक बयान दिया गया था। जिसमें उन्होंने कहा कि बिजली बिल में 50 प्रतिशत तक छूट दी जा सकती है। प्रदेश पावर विभाग द्वारा इस तरह की ओटीएस स्कीम को समय समय पर लाया जाता रहता है। इसीलिए यदि आपका भी बिजली बिल बकाया है, तो आप इसे इस स्कीम में जमा करवा सकते है। इसके अलावा आप ऑनलाइन अपने अकाउंट के माध्यम से भी अपने ओटीएस स्टेटस का पता कर सकते है। इस स्कीम से राज्य के सभी वर्गों को फायदा मिल रहा है।

### आरबीएनएल के प्रोजेक्ट मैनेजर ने नारियल फोड़कर नए ट्रैक पर डीजल इंजन को दौड़ा किया परीक्षण

# 1400 करोड़ की लागत से बनने वाली रेल कम रोड ब्रिज के प्रथम फेज का काम पूरा

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जनपदवासियों के सपने धीरे-धीरे साकार होते नजर आ रहे हैं। 1400 करोड़ की लागत से बनने वाली देश की सबसे बड़ी परियोजनाओं में सुमार ताड़ीघाट -गाजीपुर सिटी रेलवे स्टेशन और ताड़ीघाट से गाजीपुर घाट स्टेशन तक बनने वाली रेल कम रोड ब्रिज का शिलान्यास देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गाजीपुर में 14 नवंबर 2016 को किया था। यह धीरे-धीरे मूर्त रूप ले रहा है। ऐसा कहा जाता है कि यह परियोजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट में शुमार है। जिसका प्रथम फेस का कार्य अब पूर्ण हो चुका है। इस रेलवे लाइन पर आज डीजल लोकोमोटिव दौड़ाकर परीक्षण किया गया। प्रथम फेज का ट्रायल 35 किलोमीटर रफ्तार से डीजल लोकोमोटिव दौड़ाकर किया गया। इस बात की जानकारी आरबीएनएल के प्रोजेक्ट मैनेजर विकास चंद्रा ने दी। इस दौरान गाजीपुर सिटी रेलवे स्टेशन से डीजल लोकोमोटिव का शुभारंभ देर शाम पूजा- अर्चना के बाद नारियल फोड़कर नए ट्रैक पर डीजल इंजन को दौड़ा कर किया गया। आरवीएनएल के प्रोजेक्ट मैनेजर विकास चंद्रा ने कहा कि आज गाजीपुर के लिए यह बहुत ही गौरव की बात है कि वर्षों से प्रस्तावित परियोजना आज पूरी हुई है।

**परीक्षण को लेकर उच्चाधिकारियों को कराया जाएगा अवगत :** प्रोजेक्ट मैनेजर विकास चंद्रा ने कहा कि गाजीपुर सिटी स्टेशन से ताड़ीघाट का जो नया स्टेशन बना है, वह ट्रैक से जुड़ गया है। इसके परीक्षण के लिए आज डीजल लोकोमोटिव लेकर जा रहे हैं और इसका परीक्षण करेंगे। इसके बाद इस परीक्षण को लेकर उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाएगा और इसके बाद आगे की कार्रवाई की बात भी की जाएगी। इस दौरान विकास चंद्रा ने बताया कि रेल कम रोड ब्रिज का डिजाइन कुछ इस तरह का किया गया है कि इस पर ट्रेन 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ सकेगी, लेकिन फिलहाल अभी 110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने का इस लाइन पर अनुमति मिली है। आज का परीक्षण 35 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से डीजल लोकोमोटिव चलाकर किया जाएगा। आज का यह ट्रायल पहला ट्रायल है।




- प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट पर पहली बार दौड़ी डीजल रेल इंजन
- ट्रैक से जुड़ा सिटी स्टेशन से ताड़ीघाट का नया स्टेशन

### ताड़ीघाट से गाजीपुर घाट का कार्य अभी बाकी

प्रोजेक्ट मैनेजर विकास चंद्रा ने बताया कि यह परियोजना दो भागों में बंटा हुआ है, एक भाग मऊ से गाजीपुर और दूसरा गाजीपुर सिटी से ताड़ीघाट का कार्य पूर्ण होने जा रहा है और ताड़ीघाट से लेकर गाजीपुर घाट का कार्य अभी बाकी है। इन दोनों को मिलाकर इस परियोजना की लागत कुल 14 सौ करोड़ की है । 28 मार्च को कमिश्नर रेलवे सेफ्टी के द्वारा भी इसका निरीक्षण किया जाएगा। उनके निरीक्षण से पहले और कई निरीक्षण होते हैं। आज सी प्लेटिकल इंजीनियर गोरखपुर से आए हुए थे और उनके साथ हमारे जीएम इलेक्ट्रिकल भी मौजूद थे । इन लोगों के द्वारा भी इसका निरीक्षण किया गया है। कल भी एक निरीक्षण जूनियर एडमिनिस्ट्रेटिव लेवल के अधिकारियों द्वारा किया गया है । आज हम लोंगो द्वारा ट्रायल करके लौट जाया जाएगा ।

## एक नजर

### जांच के नाम पर शिक्षकों का हो रहा उत्पीड़न



**बलिया।** उत्तर प्रदेश सीनियर बेसिक शिक्षक संघ के जनपदीय इकाई की बैठक रविवार को आवास विकास कालोनी स्थित एक लॉन में हुई। जिसमें शिक्षकों व पदाधिकारियों ने जांच के नाम पर हो रहे उत्पीड़न के विरुद्ध आवाज बुलंद हुई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 16 मार्च को जिलाधिकारी को पत्रक सौंपा जाएगा। बैठक में सबसे पहले बलिया तहसील के अध्यक्ष के रूप में दिलीप सिंह व हनुमान गंज के ब्लाक अध्यक्ष के रूप में निर्भयशंजर राय का चयन किया गया। दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। इसके बाद सभी के द्वारा मांग की गई कि पुरानी पेंशन बहाल किया जाय। चयन वेतनमान व प्रोन्नत वेतनमान की पत्रावलियों का निस्तारण अविलंब किया जाय। शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का एसीपी पत्रावली निस्तारित की जाय। एमडीएम की जांच के नाम पर मण्डलीय समन्वयक राजेश द्वारा किया जा रहा विद्यालयों का उत्पीडन बंद हो। जांच के नाम पर जनपद के जिन-जिन विद्यालयों के कर्मचारियों का वेतन अवरुद्ध है, यथाशीघ्र अवमुक्त किया जाय। कोरोना काल के समय का बकाया महंगाई का भुगतान किया जाय। बैठक में यह भी मांग की गई कि जांच के नाम पर शिक्षा विभाग की छवि धूमिल करना बंद हो। डीबीटी की समस्त जिम्मेदारी खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय को दी जाय। मांग किया कि पूर्व में दिए गए टीएलएम को पुनः दिया जाय। अंत में निर्णय लिया गया कि 16 मार्च को जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना में अधिक से अधिक सहभागिता हो। बैठक में अबीर-गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की बधाई दी गई। तय हुआ कि अगली बैठक 23 अप्रैल को इसी स्थान पर होगी। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय कान्हजी, अमित सिंह, अनूप सिंह, रामप्रताप सिंह, लक्ष्मण यादव, रामप्रवेश यादव, नरायण दत्त तिवारी, अनिल उपाध्याय, अरुण सिंह, विनोद मिश्रा आदि थे।

### पांच कालेजों में एनएसएस का विशेष शिविर



**गाजीपुर।** समता पीजी कालेज सादात, बापू महाविद्यालय सादात, दुर्गावती राधेश्याम बालिका महाविद्यालय रुद्रनगर बेलासी, आरजे डिग्री कालेज रामपुर बलभद्र, रामजग महाविद्यालय मरदानपुर रामपुर बलभद्र समेत विभिन्न कालेजों में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर चल रहा है। शिविर के दूसरे दिन शनिवार को शिविरार्थियों ने प्राचार्य के निर्देशन तथा कार्यक्रम अधिकारियों के नेतृत्व में चयनित मलिन बस्तियों में जाकर सेवा व श्रमदान के साथ ही जनजागरण का कार्य किया। समता पीजी कॉलेज सादात के शिविरार्थियों ने समता इंटर कॉलेज प्रांगण की साफ सफाई किया। बौद्धिक परिचर्चा सत्र में प्राचार्य प्रो. अजय शुक्ल ने स्वच्छता का सामुदायिक जीवन में महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम अधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने शिविरार्थियों को एनएसएस के इतिहास और स्वयंसेवकों के लिये इसका महत्व से परिचय करवाया तो अवनीश राय ने शिक्षा की समाज निर्माण में भूमिका को रेखांकित किया। उधर बापू महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. त्रिवेणी सिंह और कार्यक्रम अधिकारी डा. संतोष सिंह के निर्देशन में सेवा व जनजागरण कार्य किया। इसी कड़ी में दुर्गावती राधेश्याम बालिका महाविद्यालय रुद्रनगर बेलासी के प्राचार्य डा. बंगाली सिंह यादव और कार्यक्रम अधिकारी डा. ज्ञानवती सिंह यादव के निर्देशन में शिविरार्थी एनएसएस के आदर्श वाक्य 'मैं नहीं बल्कि आप' को चरितार्थ कर रहे हैं।

### मूल्यांकन बहिष्कार करेंगे शक्षिक, हुए एकजुट

**मऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ आजमगढ़ मण्डल की बैठक रविवार को आयोजित हुई। बैठक में प्रदेशीय नेतृत्व के आह्वान पर सात सूत्रीय मांगों के समर्थन में होने वाले मूल्यांकन बहिष्कार को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक में आजमगढ़ के जिलाध्यक्ष राजेश राय, जिला मंत्री लव कुमार राय, कोषाध्यक्ष सुभाष चन्द्र गौड़, बलिया के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, जिला मंत्री रामविलास यादव, कोषाध्यक्ष अयोध्या तिवारी, जिला संयोजक जयंत सिंह, मऊ के जिलाध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह, जिला मंत्री धनंजय सिंह, कोषाध्यक्ष जयनारायण पाण्डेय, संगठन मंत्री सतीश सिंह समेत दर्जनों शिक्षकों ने अपने विचार व्यक्त किए। प्रदेशीय मंत्री नरेंद्र सिंह ने जिला स्तर पर समन्वय समिति बनाकर टीम गठित करके बहिष्कार को सफल बनाने पर जोर दिया। प्रदेशीय कार्यकारिणी के सदस्यगण अश्विनी तिवारी, आनंद मोहन सिंह एवं विनय सिंह ने उपस्थित शिक्षकों का आह्वान किया कि आंदोलन को सफल बनाने के लिए सभी मूल्यांकन केंद्रों पर जबरदस्त एकजूटता एवं घेराबंदी करने के लिए कमर कस लें, ताकि सरकार पर दबाव बनाया जा सके। बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के प्रदेशीय उपाध्यक्ष कैलाशपति सिंह ने बताया कि संगठन ने शिक्षकों के समर्थन एवं संघर्ष के दम पर तमाम उपलब्धियों को अर्जित किया था लेकिन आज एक -एक कर सारी उपलब्धियां छिनती जा रही हैं।ऐसी स्थिति में संघर्ष ही एकमात्र विकल्प है और मूल्यांकन बहिष्कार के साथ इसका बिगुल फूंक दिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों से वार्ता करके एवं संघर्ष समिति बनाकर बहिष्कार के कार्यक्रम को सफल बनाएं। बैठक में तय हुआ कि 16 मार्च को जनपद स्तर पर समन्वय समिति की बैठक करके संघर्ष के क्रियान्वयन की पृष्ठभूमि तैयार कर ली जाए।

## 15 हजार के इनामी दो पशु तस्कर पुलिस मुठभेड़ में जख्मी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को एसपी ओमवीर सिंह के निर्देश पर यूपी- बिहार सीमा पर पुलिस ने दो इनामी गो तस्करों को मुठभेड़ के दौरान गोली मारकर जख्मी कर दिया।

बताया जाता है कि शनिवार की रात स्वाट टीम व दुल्लहपुर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा अमारी गेट पर चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान चीता-दो द्वारा थानाध्यक्ष दुल्लहपुर को सूचना दी गई कि भुडकुडा की तरफ से एक पिकअप सफेद रंग की तेज रफ्तार से जा रही है। जिस पर गोवंशी जानवर लदे हुए हैं। सूचना पर संयुक्त टीम ने पिकअप को रोकने का प्रयास किया तो अपराधियों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग करते हुए भागने लगे। इसकी घेराबंदी व पीछा किया गया, तो धर्मागत इंटर कॉलेज के सामने पिकअप सवार व रेकी कर रहे पल्सर सवार पशु तस्करों द्वारा पुलिस टीम पर जानलेवा फायरिंग की गई। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा फायरिंग में पिकअप में सवार तस्कर तथा रेकी कर रहे पल्सर सवार व पीछे बैठे पशु तस्कर के पैर में गोली लगी। वहीं, भाग रहे पिकअप व पल्सर चालकों को घेरकर पकड़ लिया गया। घायलों को जिला चिकित्सालय इलाज के लिए रवाना किया गया। मौके से पशु तस्करों के पास से चार तमंचा, दस कारतूस बरामद हुआ। साथ ही एक पिकअप को कब्जे में लेने के साथ आठ गोवंश, एक बाइक बरामद की गई।

## माफिया मुख्तार अंसारी और उसके करीबियों पर हुई बड़ी कार्रवाई, मंसूर अंसारी के 18 दुकानों को किया गया सील

◆ कुर्क की गई संपति की अनुमानित कीमत 26 लाख 18 हजार रुपए

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जेल में बंद पूर्व विधायक माफिया मुख्तार अंसारी और उसके करीबियों पर गाजीपुर पुलिस व प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी है। रविवार को मुख्तार के चचेरे भाई मंसूर आलम पर बड़ी कार्रवाई की गई। मुहम्मदाबाद के यूसुफपुर बाजार स्थित मंसूर अंसारी के 18 दुकानों को कुर्क करते हुए सील कर दिया गया। इस दौरान मुनादी भी कराई गई।

गैंगस्टर एक्ट के तहत उक्त कार्रवाई की गई। इससे यूसुफपुर बाजार में हड़कंप मचा रहा। कुर्क की गई संपत्ति की अनुमानित कीमत 26 लाख 18 हजार रुपये है। इस कार्रवाई से माफिया के करीबियों, रिश्तेदारों और परिजनों में खलबली मची हुई है। शासन का डंडा लगातार भू-माफिया और अपराधियों के खिलाफ चल रहा है। बीते 21 फरवरी को मुहम्मदाबाद प्रभारी निरीक्षक घनानंद त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक को आख्या रिपोर्ट दी थी। इसमें बताया था कि यूसुफपुर दर्जी टोला निवासी मुख्तार अंसारी एक गिरोह बनाकर खुद अपने गैंग के सदस्यों के लिए आपराधिक और समाज विरोधी कार्य कर संपत्ति अर्जित की है।

पैतृक संपत्ति के बंटवारे में मुख्तार ने यूसुफपुर बाजार का एक भूखंड अपने चचेरे भाई मंसूर अंसारी के नाम कर दी थी। उसी भूखंड पर मंसूर ने दुकानों का निर्माण व्यावसायिक दृष्टि से कराया था। बीते छह मार्च को एसपी ओमवीर सिंह ने विवेचक के आख्या रिपोर्ट पर कार्रवाई की संस्तुति की थी। रविवार सुबह 11.30 बजे एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी, मुहम्मदाबाद एसडीएम डा. हर्षिता तिवारी, सीओ हितेंद्र कृष्ण एवं कोतवाल घनानंद त्रिपाठी के नेतृत्व में पहुंची पुलिस एवं राजस्व टीम ने 18 दुकानों को खाली कराकर मुनादी करने के साथ कुर्क कर लिया।



### वासंतिक नवरात्र में नौ दुर्गा के नौ स्वरूपों में नौ गौरी के दर्शन-पूजन की विशेष महिमा

# इस बार नौ दिनी होगा वासंतिक नवरात्र, कलश स्थापना के साथ 22 मार्च से होगा प्रारंभ

**केटी न्यूज/बलिया**

इस बार वासंतिक नवरात्र नौ दिनी होगा। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 22 मार्च बुधवार से वांसतिक नवरात्र का शुभारंभ हो जायेगा। वासंतिक नवरात्र में नौ दुर्गा के नौ स्वरूपों में नौ गौरी के दर्शन-पूजन की विशेष महिमा है। इसमें नौ गौरी के दर्शन-पूजन के क्रम में प्रथम मुखनिर्मालिका गौरी (गायघाट) का दर्शन होगा। इस क्रम में द्वितीया जेष्ठा गौरी (नखास), तृतीया सौभाग्य गौरी, (आदिविशेश्वर) चतुर्थ शृंगारगौरी (ज्ञानवापी), पंचम विशालाक्षी गौरी, (मीरघाट), षष्ठम ललिता गौरी,(ललिताघाट) सप्तम (भवानी गौरी (अन्नपूर्णा मंदिर) अष्टम मंगला गौरी, (पंचगंगा घाट) व नवम् महालक्ष्मी गौरी (लक्ष्मीकुंड) का दर्शन-पूजन किया जायेगा।



पंडित अभय प्रकाश दिवेदी के मुताबिक आस्थावान भक्त नौ गौरी के दर्शन-पूजन के साथ ही नौ दुर्गा के नव स्वरूपों की पूजा अर्चना भी करते हैं। इनमें प्रथम शैलपुत्री, द्वितीय ब्रह्मचारिणी, तृतीय चित्रघंटा, चतुर्थ कूष्मांडा देवी, पंचम स्कंद माता, षष्ठम कात्यायनी देवी, सप्तम कालरात्रि, अष्टम महागौरी व नवम सिद्धदात्री देवी का दर्शन पूजन होगा। नवरात्र में नव दिनी व्रत के साथ गौरी व दुर्गा जी का पंचोपचार व षोडसोपचार पूजन अर्चन करते हैं। भगवती को पूजन में लाल चुनरी, अड़हुल की माला, नारियल व विभिन्न नैवेद्य व फल के साथ सुगंध अर्पित करते हैं। नौ दिनों तक अलग-अलग वस्तुओं को अर्पित करके मां भगवती की पूजा अर्चना की जाती है। नवरात्र में भगवती दुर्गा से संबंधित दुर्गा चालीसा, दुर्गा स्त्रोत, सप्तश्लोकी, दुर्गा सप्तशती पाठ करने का विधान है। कहीं-कहीं अखण्ड दीपक प्रज्जवलित करके मां भगवती की कृपा प्राप्त करते हैं। माता की आराधना के साथ नवसंवत्सर की भी शुरूआत हो जाएगी। इस बार नवरात्र में चार योग का महासंयोग बन रहा है। 30 मार्च को महागौरी की पूजा के साथ ही राम नवमी भी मनाई जाएगी।

**नौ दिनों तक भक्त करेंगे मां की आराधना :** चैती नवरात्र के पावन पर्व में तिथियों का क्षय नहीं है। गुप्त नवरात्र की तरह चैती नवरात्र पूरे नौ दिनों का है। भक्त मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा नौ दिनों तक करेंगे। 29 मार्च को श्रद्धालु महाअष्टमी और 30 को नवमी का हवन करेंगे। इसी दिन विधिवत तरीके से रामनवमी का पर्व भी मनाया जाएगा। 31 को कलश विसर्जन के साथ नवरात्र पर्व का समापन होगा।